# चार चाँद हस्ती में | By Amit Kalra Meetu

लग जाते हैं चार चाँद उनकी हस्ती में
जो डूबे रहते हैं बाबा की मस्ती में
माझी बन की खुद बैठा ये उनकी कश्ती में
जो डूबे रहते हैं बाबा की मस्ती में

श्याम नाम का रंग जब तन मन पे चढ़ जाए
जीवन की हर उलझन खुद ही हल हो जाए
प्रेम की वर्षा होती रहती उनकी बस्ती में
जो डूबे रहते हैं बाबा की मस्ती में

ना धन की फिर चाह रहे ना शोहरत भाये
मिल जाता सब जिसको श्याम कृपा मिल जाए
ऐसा जादू है मेरे श्याम नाम की शक्ति में
जो डूबे रहते हैं बाबा की मस्ती में

खाटू की गलियों में एक बार जो आये
हारे को मिला सहारा जीवन भर वो गाये
तू भी डूब की देख ले मीतू इनकी भक्ति में
जो डूबे रहते हैं बाबा की मस्ती में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%a6-%e0%a4%b9%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-amit-kalra-meetu/